**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 08-04-2025**

**विषयः-** **विषयः-डीसीएम ट्रक में क्रूरतापूर्वक लदे 11 राशि गोवंश (30 राशि जिन्दा व 01 राशि मृत) थाना लंका पुलिस द्वारा बरामद, अभियुक्तों की तलाश हेतु सघन चेकिंग जारी ।।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 08.04.2025 को लंका पुलिस द्वारा लौटूवीर पुलिया के आगे सर्विस लेन से एक अदद डीसीएम ट्रक जिसमें कुल 31 राशि गोवंश लदे हैं, बरामद किया गया। चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 08.04.2025 को उच्चाधिकारीगण के आदेश के क्रम में अवैध मादक पदार्थ एवं गौ तस्करी की रोकथाम हेतु चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि प्रयागराज की तरफ से एक डीसीएम ट्रक से कुछ लोग गोवंश को क्रूरता पूर्वक लादकर वध हेतु बिहार लेकर जा रहे हैं तथा टोल से बचने के लिए लौटूबीर मार्ग से होकर हाइवे पर चढ़ेंगे सूचना पर विश्वास करते हुए थाना स्थानीय पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए एक डीसीएम ट्रक वाहन संख्या नं0 UP65FT6811 को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की चेकिंग की गयी तो उपरोक्त वाहन में 31 राशि गोवंश क्रूरतापूर्वक लदे पाये गए जिसमें एक राशि गोवंश (सांड) मृत पाया गया ।

**बरामदगी का विवरण-** डीसीएम ट्रक में लदे कुल 31 राशि गोवंश गाय/सांड , जिसमें से 01 मृत गोवंश सांड,11 राशि गोवंश सांड जिंदा,12 राशि गोवंश बछड़ा जिंदा, 04 राशि गोवंश गाय जिंदा, 03 राशि गोवंश बछिया जिंदा बरामद । ।वाहन Eicher dcm ट्रक वाहन संख्या UP65FT6811 बरामद व सीज ।

**घटना का दिनांक व स्थान-** दिनांक गिरफ्तारी 08.04.2025 को लौटूवीर पुलिया के आगे सर्विस लेन से, थाना लंका, कमि0 वाराणसी

**पंजीकृत अभियोग विवरण -**

1. मु0अ0सं0 0120/2025 धारा 325 बी0एन0एस0 तथा 3/5ए/5बी/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकाश पाण्डेय, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 हरनारायण, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 रामअचल सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 आशीष चौबे, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 नीरज राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 राजेश सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 चन्दन सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 राजेश कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 दीपक यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
11. हेड कांस्टेबल मनोज राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
12. कास्टेबल दीपक कुमार मौर्य, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**काशी जोन, कमिश्नरेट**
**वाराणसी।**